सेवा भारती

Activity Report- February 2023

परित्यक्त बच्चे को बेहतर जीवन देने की सेवा भारती की एक पहल "मातृछाया"

परित्यक्त बच्चे को बेहतर जीवन और घर देने के लिए दत्तक ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें डीके शुक्ला एसएचओ मियांवाली नगर, व्यवसायी कुलदीप कोहली और उपाध्यक्ष सेवा भारती दिल्ली प्रांत संजय जिंदल, योगेश गर्ग, प्रेम सागर भाटिया, राकेश कथूरिया, डॉ ज्योति कौर, सुश्री नीरू महाजन और कई अन्य प्रमुख नागरिक शामिल हुए।

"सेवा इंटरनेशनल द्वारा गुलाबी बाग के बच्चों के लिए पिकनिक आयोजित की गई।"

21 फरवरी को पुनः आयोजित किया एक कन्या का विवाह

एक कन्या (जिन के पिताजी का देहांत हो गया था) के परिजनों ने सेवा भारती महिला समिति की कार्यकर्ता से संपर्क किया एवं कन्या का विवाह करवाने के लिए आग्रह किया, बसंत पंचमी को सामूहिक विवाह कार्यक्रम होने के बावजूद श्री राम मंदिर में बातचीत करके एक कन्या दान दाता के माध्यम से भोजन आदि की व्यवस्था करवा दी गई तथा कन्यादान का सामान सेवा भारती द्वारा प्रदान कर दिया गया और विवाह संपन्न करवाया गया।

बस्तियों में लगाए गए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

झंडेवाला विभाग में विस्तृत कार्यकारिणी की बैठक रही। बैठक के बाद होली मिलन कार्यक्रम और भोजन प्रसाद की व्यवस्था रही।

Sewabharti.in | 13, Bhai Vir Singh Marg, Gole Market, New Delhi-110001 | 011-23345014/15

महावीर इन्क्लेव नगर द्वारका जिला मे संत रविदास मंदिर मे भंडारा हुआ सेवभारती की ओर से भंडारे मे एक बोरी आलू, टमाटर, आदि का सहयोग रहा भंडारे मे सेवा भारती से 4 सदस्यों की सहभागिता रही संघ से माननीय नगर संघ चालक सहित 8स्वयंसेवक की सहभागिता रही।

इस अवसर पर भगवान रविदास जी का चित्र कैलेंडर भेंट किये गए।
04:00 से 05:00 बजे बस्ती मे अग्रेसर की भूमिका मे रहने वाले नागरिकों को पुष्प हार और साहित्य दे कर सम्मानित किया गया।

कुष्ठ आश्रम मे जाति प्रमाण सर्टिफिकेट के लिए कैंप का आयोजन

शिवरात्रि पर इंद्रप्रस्थ और मयूर विहार जिले में भजन मंडली द्वारा भजन

नरेला जिला बूढ़पुर गांव में सेवा भारती द्वारा गंगा सेवा संस्थान की प्रेरणा से सिलाई सेंटर का उद्घाटन किया